फा.सं.3(15)/2010-प्रशासन
भारत सरकार
संसदीय कार्य मंत्रालय

92, संसद भवन,
नई दिल्ली-110001

दिनांक 6-1-2011

विषयः संसदीय कार्य मंत्रालय में प्रतिनियुक्ति आधार पर लेखाकार के पद का भरा जाना।

संसदीय कार्य मंत्रालय में प्रतिनियुक्ति आधार पर [वेतन बेंड 2 (रू.9300–34800) + ग्रेड वेतन - रू.4200/-] वेतनमान रू.5500–175-9000 (पूर्व संशोधित) में लेखाकार के एक पद को भरे जाने का प्रस्ताव है। पद पर नियुक्ति हेतु ब्यौरा/पात्रता शर्तें अनुबंध-I में दी गई हैं।

2. आवेदन इस विज्ञापन के प्रकाशित होने की तारीख से 45 दिनों के भीतर पिछले पांच वर्षों की उनकी ए.सी.आर. की सत्यापित फोटो प्रति सहित अनुबंध-II में दिए गए निर्धारित प्रपत्र में अवर सचिव (प्रशासन), संसदीय कार्य मंत्रालय, कमरा नं.92, संसद भवन, नई दिल्ली को उचित माध्यम से पहुँच जाना चाहिए।

3. आवेदक की आयु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदकों को बाद में अपना नाम वापिस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। चुने गए कर्मचारियों का वेतन और भत्ता प्रतिनियुक्ति पर नियक्तियों को शासित करने वाले नियमों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।

(यू.एस. चट्टोपाध्याय)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाषः 23034899

सेवा में
1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग
2. भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक का कार्यालय
3. लेखा महानियंत्रक का कार्यालय, लोक नायक भवन, नई दिल्ली
4. श्री एस.के. सिन्हा, तकनीकी निदेशक, एन आई सी को इस अनुरोध के साथ कि विज्ञापन को मंत्रालय की वैबसाइट पर अपलोड करें

अनुबंध-I

संसदीय कार्य मंत्रालय में लेखाकार के पद के लिए पात्रता शर्तों का विवरण

1. पद का नाम : **लेखाकार**
2. रिक्ति की संख्या : 1 (एक)
3. पद का वर्गीकरण : सामान्य केंद्रीय सेवा, ग्रुप ख अराजपत्रित, अनुसचिवीय
4. वेतनमान : रू. 5500-175-9000 (पूर्व संशोधित) [वेतन बेंड 2 (रू.9300–34800) + ग्रेड वेतन - रू.4200/-]
5. भर्ती का तरीका : प्रतिनियुक्ति द्वारा। प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतः 3 वर्षों से अधिक नहीं होगी।
6. पात्रता शर्तें : केंद सरकार के अधिकारी:-

(क) () नियमित आधार पर अनुरूप पद धारक; अथवा

() रू. 4500-7000 (पूर्व संशोधित) [वेतन बेंड 1 (रू.5200–20200) + ग्रेड वेतन - रू.2800/-] के वेतनमान में पदों में छ वर्षों की नियमित सेवा के साथ अथवा समकक्ष; अथवा

() रू. 4000-6000 (पूर्व संशोधित) [वेतन बेंड 1 (रू.5200–20200) + ग्रेड वेतन - रू.2400/-] के वेतनमान में पदों में आठ वर्षों की नियमित सेवा के साथ अथवा समकक्ष; तथा

(ख) निम्नलिखित योग्यता प्राप्त हों:-

सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबंध संस्थान द्वारा आयोजित की गई रोकड़ और लेखा में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण लिया हो अथवा समकक्ष तथा रोकड़, लेखा और बजट कार्य का 3 वर्षों का अनुभव प्राप्त हो।

अथवा

केंद्र सरकार के किसी भी संगठित लेखा विभाग द्वारा संचालित अधीनस्थ लेखा सेवा अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो

7. आयु सीमा : अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

अनुबंध-II

प्रोफार्मा

1. नाम तथा पता, टेलीफोन नंबरों सहित :

2. जन्मतिथि :

3. वेतनमान सहित जिस पर वर्तमान में कार्यरत हैं :

4. क्या वर्तमान पद नियमित आधार पर हैं। : यदि हाँ तो कब से।

5. वेतनमान में नियमित आधार पर की गई : कुल सेवा

   क) रू. 4500-7000 (पूर्व संशोधित)
   [वेतन बेंड 1 (रू.5200–20200) + ग्रेड
   वेतन - रू.2800/-]

   ख) रू. 4000-6000 (पूर्व संशोधित)
   [वेतन बेंड 1 (रू.5200–20200) + ग्रेड
   वेतन - रू.2400/-]

6. शैक्षिक योग्यता :

7. अनुभब संबंधी ब्यौरे :

8. क्या अ.ज./अ.ज.ज./अ.पि.ब. से संबंधित हैं :

आवेदक के हस्ताक्षर

(प्रमाणपत्रों की प्रमाणित प्रतियां निरपवाद संलग्न की जानी चाहिए)

प्रमाणपत्र

(कार्यालय प्रमुख द्वारा दिया जाए)

1. यह प्रमाणित किया जाता है कि कर्मचारी द्वारा दिया गया विवरण सही है।
2. यह प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक के खिलाफ कोई अनुशासनात्मक/सतर्कता संबंधी मामला लंबित अथवा अपेक्षित नहीं है तथा वे सतर्कता की दृष्टि से संदेहमुक्त हैं।
3. उनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित की जाती है।
4. यह प्रमाणित किया जाता है कि पिछले 10 वर्षों के दौरान कर्मचारी पर कोई छोटी/बड़ी शास्ति नहीं लगाई गई है।

(विभागाध्यक्ष)

नाम:

टेलीफोन नं.

कार्यालय मोहर के साथ: